संक्षिप्त

प्रतिभा सम्मान समारोह 2 को

नारायणपुर । कस्बे के भगतपुरा मोहल्ले में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में यादव उत्थान समिति की बैठक समिति अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 2 फरवरी को यादव समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, स्नातक व स्नातकोत्तर में 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों, राज्य स्तर पर खेल चुके खिलाड़ियों और नवनियुक्त कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभावान छात्र 20 जनवरी से 26 जनवरी तक राधा कृष्ण मंदिर में अपने दस्तावेज जमा करा सकते हैं। इसके साथ ही, 3 फरवरी को मंदिर का पाटोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में उमाकांत यादव, सरदार सिंह, रामसिंह, चंद्रपाल यादव, सुल्तान यादव, फूलचंद यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

संक्रांति पर गौशाल में किया तुलादान

श्रीमाधोपुर। ग्राम कंचनपुर में स्थित श्री कृष्ण गौशाला में मकर संक्रांति को दिन भर ग्रामीणों ओर गौ सेवकों का तांता लगा रहा।गौसेवकों ने गायों को हरि सब्जी,गुड,तिल के लड्डू,पशु आहार सहित नकद राशि भेंट कर पुण्य लाभ कमाया।गौशाला अध्यक्ष महंत प्रभुदास महाराज ने बताया कि मकर संक्रांति पर आयोजित तुलदान कार्यक्रम में गौ भक्तों की ओर से 300 मण चारा,11 क्विंटल हरि सब्जी,2500केजी अनाज,35 कट्टा पशु आहार,240 कार्टून गुड सहित लगभग एक लाख पचास हजार रुपए की नकद राशि प्राप्त हुई है

राष्ट्रीय पक्षी मोर को स्वान ने नोचा

श्रीमाधोपुर । कस्बे में सुबह बालाजी जिम के पास मंडी रोड राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्ते ने नोच लिया तो एक जमादार झाड़ू लगा रहा था ,आवाज लगाई की कुत्ता मोर को पकड़ रखा है एक लड़का दौड़ कर स्वान को डरा धमकाकर घर आवाज लगाई मोर को छुड़ा लिया लेकिन एक टांग को कुत्ते ने काट लिया ।सुरेश चोटिया व राजू बागवान ने वन विभाग अधिकारी को फोन किया व टीम को वन विभाग के कर्मचारी झाबरमल व अन्य को भेज कर मोर को शोंप दिया।

चोरी का आरोपी गिरफ्तार

टोंक। उनियारा उपखण्ड के बनेठा थाना क्षैत्र में लगातार हो रही चोरियों की वारदात का खुलासा करते हुए बनेठा थानाधिकारी रामगिलास गुर्जर ने विशेष दल का गठन कर कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि बनेठा क्षैत्र में खेराडी महादेव मन्दिर, फतेहगंज-परसिया मन्दिरो से हुई चोरी की वारदात में कार्यवाही कर उनकी टीम ने आरोपी विनोद उर्फ जीतू गुर्जर निवासी बनेठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मन्दिर की झालर, घंटी, दो तांबे के कलश एवं कमरे में रखे गेंहु के कट्टे बरामद किया गया है।

परिचालक ने दिया ईमानदारी का परिचय

टोंक। आये दिन जहां चोरीयों की वारदात हो रही है, वही देवली में परिचालक जोधराज ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक व्यक्ति के पर्स बस में गिर जाने से परिचालक की नजर में आ गया, जहां उसने देवली बुंकिग डिपो प्रभारी राकेश शर्मा को सुपुर्द किया। घटना के दौरान परिचालक राकेश शर्मा ने पर्स में लिखे मोबाईल नम्बर पर फोन करके पर्स मालिक रामनगर जाटोली जिला बून्दी निवासी घासीलाल को बुलाकर देवली डिपो पर उसका पर्स सुपुर्द किया।

रोजगार मेला शुक्रवार को

कोटपूतली। कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय आई.टी.आई. में आगामी 17 जनवरी शुक्रवार को कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग राजस्थान के निर्देश पर एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

खाली भूखंडों पर कचरा मिलने पर भूखंड मालिक को नोटिस देकर सफाई करवाएं : कलेक्टर

- सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर जोन प्रभारी के खिलाफ एक्शन लेने के दिए निर्देश

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था व हाइजेनिक फूड स्ट्रीट के लिए जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, नगर निगम के सहायक अभियन्ता दिनेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने कालीमोरी ओवर ब्रिज, मुंगस्का शहरी पीएचसी तथा कृषि उपज मंडी के आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर में नियमित रूप से साफ-सफाई कराने के साथ कचरा उठाव करावे तथा रोड लाइट की नियमित मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने खाली भूखण्डों पर कचरा मिलने पर निर्देश दिये कि संबंधित भूखण्ड मालिक को नोटिस जारी करे तथा इनकी साफ-सफाई करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में एनकेप के तहत शहर में किए जा रहे इंटर लॉकिंग टाइल्स के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर जोन प्रभारी को नोटिस देने के निर्देश दिये। यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता व नगर निगम आयुक्त को अलवर शहर में सौन्दर्यकरण कार्य व प्रमुख स्थानों पर पेंटिंग आदि के कार्य करावे जाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने ली जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक ।

जिला कलेक्टर ने शहर के सुव्यवस्थित विकास व सुगम यातायात तथा ठेले-खोमचे वालों के लिए शहर में हाइजेनिक फूड स्ट्रीट विकसित करने के लिए उन्होंने नगर निगम आयुक्त व यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को शहर में जगह चिन्हित कर एनसीआरपीबी फण्ड से हाइजेनिक फूड स्ट्रीट बनाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने ली जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक:- जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत चल रहे 'अलवर प्रवाह केयर अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में विगत पखवाडे के दौरान किए गए कार्यों पर संतुष्टि जाहिर कर शेष कार्यों को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनजागरूकता के साथ निरन्तर प्रवर्तन कार्रवाई करने व अवैध कट करने वालों के विरूद्ध मुकदमें दर्ज करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह ,यूआईटी सचिव सुश्री धगदे स्नेहल नाना, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, डीटीओ सुरेश यादव, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

किसान से मिलकर जुटाई जानकारी

सांभरझील, (निसं) राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार विजेता व राजस्थान के एकमात्र गोपाल रत्न पुरस्कार विजेता आधुनिक किसान सुरेंद्र अवाना के फार्म हाउस पर राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के एक दल ने स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में उनसे मुलाकात कर उनके द्वारा कृषि व अनेक क्षेत्र में किए गए नवाचार पर जानकारी जुटाई। किसान सुरेंद्र के द्वारा किए गए नवाचार; फार्म वानिकी, हॉर्टिकल्चर, जैविक कृषि, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, गिर नस्ल सुधार, सेवन लेयर पाउडर आदि के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत व्यावहारिक जानकारी दी प्रदान कर बताया कि किस प्रकार एक सामान्य परिवेश का ग्रामीण किसान राष्ट्रीय स्तर के नवाचार कर सकता है, इसके बारे में विस्तृत व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। इस विजिट से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इससे पहले विद्यार्थियों को सरकारी नर्सरी बिचून, दादू पालका, दादू गौशाला भी ले जाया गया।

NAME CHANGE
I have changed my name from Manoj Kumar Agarwal S/o Sri Suresh Chandra Agarwal to Manoj Agarwal for all purpose in future. R/o G-1-9/651, Radhika Residency, Chitrakoot Jaipur- 302021

आम सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक : जविप्रा./जोन-11/उपा./2025/डी-4597 दिनांक 07.01.2025
निम्नलिखित आवेदकों द्वारा नाम प्रतिस्थापन हेतु/लीजडीड हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किये गये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड क्षेत्रफल	यू.पी.एस./सिटी डायरी योजना/संख्या योजना	योजना जिसमें लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1.	श्रीमती सुवर्ण पोरवाल श्री चंदू कुमार गर्ग	डॉ. लक्ष्मी शर्मा पत्नी श्री राजकमार शर्मा	डी-29	116.66	हल्ला विकास यू निर्माण सहकारी समिति लि.	आवंक विहार एक्सटेंशन	लीजडीड हेतु	मल्टमल सूची में नाम नहीं होने एवं पंजीकृत विक्रय पत्र का एक से अधिक बार बंधान किये जाने पर

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारी को कोई आपत्ति हो तो, विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा समय सीमा पश्चात आवेदक के पक्ष में पट्टा जारी कर दिया जावेगा। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। सूचित रहें। उपायुक्त जोन-11

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 6012 जाहिर आम-सूचना दिनांक:09.01.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 82/312 (FF) (LIG) का आवंटन श्री रामलाल पुत्र श्री किशन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1783 दिनांक 09-03-2006 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 2519/1305 दिनांक 08-06-2018 के द्वारा श्री निरंजन प्रसाद विजय पुत्र श्री किशन लाल विजय के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 25.06.2018 को कर दिया गया। श्री निरंजन प्रसाद विजय द्वारा उक्त आवास को श्री प्रभात कुमार पुत्र श्री रविकरण तिवारी एवं श्रीमती दिशा तिवारी पत्नी प्रभात कुमार को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 03.07.2018 को उप पंजीयक (चतुर्थ) जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री प्रभात कुमार पुत्र श्री रविकरण तिवारी एवं श्रीमती दिशा तिवारी पत्नी प्रभात कुमार द्वारा उक्त आवास को श्रीमती सन्तोष देवी सैन पत्नी श्री घासी लाल सैन को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 12.05.2023 को उप पंजीयक (दशम्) जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सन्तोष देवी सैन पत्नी श्री घासी लाल सैन द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / फ्लक्कर को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती सन्तोष देवी सैन पत्नी श्री घासी लाल सैन का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय,
सहायक प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल इकराम अहमद पुत्र इसहाक अहमद ने सम्पत्ति दुकान नंबर 265 व 266 स्थित घाटगेट बाजार, चौकडी घाट दरवाजा जयपुर जिनका संयुक्त रूप से कुल त्रेफल 47.33 वर्गमीटर है को श्री रामगोपाल अग्रवाल व उनके भाईयो से रीद करने का करार किया है उक्त करार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अन्दर मियाद 7 दिवस में मय सबूत दर्ज करावे।
दिनांक-15.0.2025 (फारूक अहमद) एडवोकेट
मो.नं. 9829277089

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:6036 जाहिर आम-सूचना दिनांक:10.01.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास / फ्लैट संख्या 84/439 (MIG-B) का आवंटन श्री एच.बी. मूलचन्दानी पुत्र श्री बीखचन्द को किया गया था। श्री एच. बी. मूलचन्दानी की मृत्यु दिनांक 19.09.2007 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री मोती लाल मूलचन्दानी पुत्र स्व. श्री एच. बी. मूलचन्दानी द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। आवेदक श्री मोती लाल मूलचन्दानी के निवेदन पर मण्डल के कार्यालय आदेश क्रमांक 41 दिनांक 15.06.2009 के द्वारा इनका नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज किया गया। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2313 दिनांक 25.06.2021 को जारी किया गया था। श्री मोती लाल मूलचन्दानी द्वारा श्री अजय कुमार चौधरी पुत्र श्री विष्णु कुमार चौधरी को दिनांक 06.03.2022 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री अजय कुमार चौधरी द्वारा श्री मोती लाल मूलचन्दानी के पक्ष में पंजीयन निष्पादन दिनांक 27.05.2022 को करवाया गया। श्री अजय कुमार चौधरी द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से दिनांक 10.06.2022 को श्रीमती ज्योति पत्नी श्री गुलशन राय के नाम उप पंजीयक (चतुर्थ) जयपुर के यहा विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती ज्योति द्वारा उक्त आवास को श्री शुभम मारोठिया पुत्र श्री ओम प्रकाश वर्मा को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 17.12.2024 को उप पंजीयक (दशम्) जयपुर में पंजीकृत करवाया गया। श्री शुभम मारोठिया पुत्र श्री ओम प्रकाश वर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / फ्लक्कर को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री शुभम मारोठिया पुत्र श्री ओम प्रकाश वर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा। भवदीय,
सहायक प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

खोया पाया
मेरे मकान सं. 35/216 प्रताप नगर, जयपुर का मूल नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र, नियमितिकरण मांग पत्र, फार्म रसीद, पेमेन्ट जमा रसीद आदि गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें-हलीम खान-9636485393

प्लाट नं. 47 मयूर विहार, ब्लॉक-ए, सिरानी, सेज एरिया के पास मीना वाला गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा दिनांक 12.04.2012 को आवंटित किए गए है जिसके मूल दस्तावेज रास्ते में कई गुम गए है किसी कोमिले तो संपर्क करें-9610155940

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
पृथ्वीराज नगर (उत्तर) कार्यालय, चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर
क्रमांक-जविप्रा/उपा./पीआरएन-उत्तर (प्रथम)/2024/डी-901 दिनांक-30.12.2024
सूचना
बुनियादी विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-तिलक विहार के भूखण्ड संया-78 साउथ पार्ट (क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज), के लिए श्री रमेश कुमार पुत्र श्री श्योकरण राम सुण्डा ने जविप्रा द्वारा जारी लीजडीड एवं रजिस्टर्ड दस्तावेजो के आधार पर कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया गया है। यदि इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को सूचित करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन कर दिया जावेगा।
उपायुक्त पीआरएन-उत्तर-प्रथम
जविप्रा, जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 41 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 01/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि साधवी शंकरदास, शिष्या मंहत स्व. श्री लक्ष्मणानन्दनचार्यजी निवासी बालानन्द जी मठ, बालानन्द जी का रास्ता, पुरानी बस्ती जयपुर ने प्रन्यास ठिकाना श्री बालानन्द जी ट्रस्ट पुरानी बस्ती जयपुर जिसका पंजीयन क्रमांक 163 जयपुर 1965 है ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 41 के अन्तर्गत ने प्रन्यास में कार्यवाहक प्रन्यासी महन्त श्री लमणानन्दचार्य जी के देहान्त होने कारण स्वयं का बतौर कार्यवाहक प्रन्यासी दर्ज अभिलो कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 41 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन कार्यवाहक प्रन्यासी के संबंध में जांच की जा रही है। प्रन्यास में हित राने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक, जानकारी के लिए, यह नोटिस, प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीा से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिति किया जावेगा।
आज दिनांक 19.12.2024 को मेरे हस्ताार तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीा पेशी 24.01.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

इंसान की अच्छी सोच से ही परिवार, समाज चलता है : दीपचंद

किशनगढ़ बास। विधायक दीपचंद खेरिया के जन्म दिवस पर मानव कल्याण सेवा समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 276 लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया और क्षेत्र के अपने व जन जन के लाडले विकास पुरुष विधायक दीपचंद खेरिया का आशीर्वाद लेकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी व दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की ईश्वर से प्रार्थना की।

विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा इंसान की अच्छी सोच ही परिवार समाज को आगे लेकर जाती है। इस कढ़ी में जो मानव कल्याण सेवा समिति की ओर से जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान शिविर लगाकर नेक काम किया जा रहा है। इससे बड़ा कोई और पुनीत का कार्य हो भी नहीं सकता है।इसीलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। इस अवसर पर विधायक ने रक्तदान करने पहुंचे लोगों को पुनीत कार्य में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा समाज सेवा के रास्ते हमारे अलग-अलग जरूर हो सकते हैं लेकिन भाव सबका सेवा करना है। इसमें रक्त का दान करने की सेवा एक ऐसी सेवा है जिससे हम उन जरूरतमंदों की जान बचाते हैं जिनका कोई सहारा नहीं होता है। मेरे जन्मदिन पर हर साल कार्यकर्ता शिविर लगाकर रक्त का दान करते हैं यह मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा विधायक दीपचंद खेरिया का सादगी भरा जीवन और गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करने की प्रेरणा हम सब कार्यकर्ताओं को ताकत प्रदान किए है।

मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि बुधवार को विधायक दीपचन्द खैरिया के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें 276 यूनिट रक्त एकत्रित हुए। इस मौके पर इलेक्ट्रोपेथी चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें 350 मरीजों को जांचकर दवाई दी गयी। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कॉंग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित विधायको ने दूरभाष पर विधायक दीपचंद खैरिया को शुभकामनाएं दी।

खैरथल तिजारा जिले में 1432 प्रकरणों का निस्तारण : कलेक्टर

- आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करे संभव नहीं होने की स्थिति में जिला स्तर पर अवगत कराए जिससे समय रहते समाधान कराया जा सके

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल पर राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार स्तर पर लंबित प्रकरण, तलफी, पत्थरगड़ी, तरमीन कार्य, एलआर एक्ट, पीडीआर एक्ट, एलआर एक्ट, रोड़ा एक्ट, सीएमओ, स्टेट एवं लोकायुक्त के प्रकरणों पर कार्यवाही कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि जिले में चलाए गए जिला खैरथल-तिजारा राजस्व सुधार अभियान के तहत जिले के प्रत्येक भू-अभिलेख वृत्त मुख्यालय पर सरकारी भूमि अतिक्रमण के प्रकरण 34, 91 के 178, कदमी रास्तों का रिकॉर्ड में अंकन/अतिक्रमण हुए रास्तों के 214, नामान्तरण के प्रकरण 893, सहमति बंटवारा के 71 एवं सीमाज्ञान के 42 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान कि गई। इस दौरान उन्होंने आगे भी अधिकारियों को इस प्रकार के मामले संज्ञान में आने पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा की आमजन से जुड़ी स्थानीय समस्याओं जैसे खराब सड़क, पानी की समस्या सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को जिला स्तर पर अवगत करायें ताकि समय से आमजन को आ रही समस्याओं से निजात दिला सके। उन्होंने पिछले माह में निस्तारित कोर्ट केस की संख्या की जानकारी लेकर आगामी माह में निर्धारित नॉर्म्स अनुरूप केस निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को जमीन आवंटन से संबंधित प्रकरणों को अपने स्तर से निस्तारित करने के निर्देश ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी अश्विन के पंवार, उपखंड अधिकारी तिजारा संजीव वर्मा, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलाई, उपखंड अधिकारी कोटकासिम राकेश रावत, जिले के सभी तहसीलदार सहित संबंधित शाखाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे।

'पतंगबाजी स्वास्थ्य, संस्कृति, और आध्यात्म का संगम'

- यह पर्व नए साल की शुरुआत और ऋतुओं के बदलाव का प्रतीक है

मनोहरपुर । सुप्रीम गैस एजेन्सी के संचालक इंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर मनाया जाता है, जिसे उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व नए साल की शुरुआत और ऋतुओं के बदलाव का प्रतीक है। अग्रवाल ने कहा कि इस दिन लोग पतंग उड़ाते हैं, जो स्वास्थ्य, संस्कृति, और आध्यात्म का संगम है। पतंग उड़ाने से लोग लंबे समय तक सूर्य की रोशनी में रहते हैं, जिससे शरीर को विटामिन मिलता है। साथ ही, यह पर्व लोगों को प्रकृति से जुड़ने, शरीर को स्वस्थ रखने, और समुदाय के साथ खुशियां बांटने का अवसर देता है।

इंद्र कुमार अग्रवाल के अनुसार 1 घंटे तक पतंगबाजी से शरीर की पूरी कसरत हो जाती है इससे शरीर स्वस्थ व खुशहाल हो जाता है !पतंगबाजी के दौरान खुशी के एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है । पतंगबाजी के दौरान दौड़ना आगे पीछे होना हाथों से पतंग को ऊपर नीचे करना पतंग को खीचना आदि क्रियाए करने से शरीर के योग होते हैं पतंग कटने व काटने की कभी खुशी कभी गम की फिलिंग से दिल की धड़कन और रक्त संचार बेहतर होता है यह एंजाइना जैसी दिल की समस्याओं को कम करने में मदद करता है।

पतंगबाजी से आंखों को कोई नुकसान नहीं होता है बस पतंगबाजी के समय सूरज की रोशनी पर सीधे नजरें नहीं पढ़नी चाहिए। प्राकृतिक रोशनी में होने वाली पतंगबाजी से प्रकाश आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है और विटामिन डी के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है आंखों की मांसपेशियां का भी व्यायाम होता है। प्रकृति के साथ जुड़ने, खुली हवा में रहने से मानसिक स्थिति में सुधार होता है वास्तव में पतंगबाजी एक बेहतर आउटडोर गतिविधि है ।

सक्रांति का पर्व आस्था व उल्लास के साथ मनाया

पावटा। उपखंड पावटा क्षेत्र में मकर सक्रांति का पर्व मंगलवार को आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। मौसम खुलने के साथ लोग छतों पर चढ़ गये । पतंगबाजी के साथ चारों ओर वो काटा- वो मारा का शोर गूंजने लगा है। इधर मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर दान- पुण्य करने के लिए लंगर लिए लगाकर लोग जरुरतमंदों को भोजन व कपड़े बांटे वही गौ शालाओ मे गुड दलिया खिलाकर गौ सेवा की गई। मौसम साफ होने के साथ ही छतों पर पतंग की डोर बच्चों से लेकर बुजुर्गों व युवतियों से लेकर महिलाओं तक ने थामनी शुरू कर कर दी।

चारों ओर डीजे पर गूंज रहे गीत-संगीत के बीच हर पेच के साथ होते हो-हुल्लड़ की मस्ती से माहौल सराबोर था। तरह- तरह की रंग बिरंगी पतंगों से आसमान भी सजा हुआ सा लगने लगा। वही पावटा कस्बे में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाए छत पर पतंग उडाते नज़र आये। पतंगबाजी से घायल होने वाले पक्षियों के इलाज के लिए पशुपालन विभाग भी अलर्ट मोड में रहा जिसमें अधिकारी व कार्मिकों को नियुक्त किया गया। वही मकर संक्रांति पर्व पर बड़ी धूमधाम से पांवटा कस्बे के वीर तेजाजी महाराज की बगीची में पावटा 14 जनवरी सुबह दस बजे से शाम 5 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पतंगबाजी के साथ चारों ओर वो काटा- वो मारा का शोर गूंजा ।

कार्यालय ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा, पंचायत समिति चौथ का बरवाडा, जिला सवाईमाधोपुर
क्रमांक-2024-25/135 **ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-24** दिनांक-10.01.2025
पंचायत समिति चौथ का बरवाडा के अधीन ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र मे निविदा करें ई-प्रीक्योरमेन्ट पद्धति से द्रस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग अलग) वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajassthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
NIB NO. : PKI2425A0009, UBN NO. : PKI2425WSOB00009
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा, पं.स. चौथ का बरवाडा (स.मा.)
सरपंच, ग्राम पंचायत चौथ का बरवाडा, पं.स. चौथ का बरवाडा (स.मा.)

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर
Email ID: bdo.jai.gov@gmail.com Phone No. 01423-230025
क्रमांक-पंसगो/लेा/ई-निविदा/2024/115 दिनांक-13.01.2025
ई-निविदा सूचना संख्या /2024-25
पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यों/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देी जा सकती है।
NIB NO. online- PFA2425A0652 TO PFA2425A0663, UBN NO. online-PFA2425WSOB00657 TO PFA2425WSOB00668, NIB NO. online-PFA2425A0646, PFA2425A0650, PFA2425A0651, UBN NO. online-PFA2425WSOB00651, PFA2425WSOB00655, PFA2425WSOB00656
विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ (जयपुर)

पट्टाचार्य महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका श्रुतमति माताजी को भेंट की

- सुमति धाम भक्त परिवार ने बालाचार्य निपूर्ण नन्दी महाराज एवं आर्यिका श्रुतमति माताजी ससंघ से लिया आशीर्वाद

निवाई। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में विराजमान बालाचार्य निपूर्णनन्दी महाराज संघ एवं सन्त निवास